जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीविवि/परीक्षा/2015/2621 दिनांक 25-6-15

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/निदेशक,
संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय/अध्ययनशाला
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषय – परीक्षा परिणाम घोषित कराने विषयक्।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सूचित किया जाता है कि आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं के विभिन्न कोर्सों में विभिन्न सेमेस्टरों के परीक्षा परिणाम विथहेल्ड (W.H.) तथा एफ.एन.आर. (FNR) पिछले वर्षों से पड़े हुये हैं। आपके महाविद्यालय से आने वाले कर्मचारी समस्त आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कर निर्धारित समय पर परीक्षा आवेदन–पत्र जमा नहीं करते हैं, इसलिये परीक्षा परिणाम एफ.एन.आर. (FNR) होकर रुक जाता है।

ज्ञात हो कि आपके महाविद्यालय से संबंधित प्रकरणों में छात्रों ने भी विश्वविद्यालय कार्यालय आकर बताया है कि हमारे महाविद्यालय के संबंधित लिपिक समय पर परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करा लेते हैं और कोई भी प्रकरण से संबंधित समस्या समय से नहीं बताते हैं, इनकी लापरवाही के कारण हमें विश्वविद्यालय तक आना पड़ता है। महाविद्यालय द्वारा ऐसी निर्मित समस्याओं के कारण विश्वविद्यालय को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

अतः उपर्युक्त समस्याओं के समाधान के लिये शीघ्रताशीघ्र समस्त दस्तावेजों एवं शुल्क आदि की पूर्ति कर विश्वविद्यालय में जमा कराने का कष्ट करें। साथ ही जो परीक्षा परिणाम रुके हुये (WITHHELD) हैं या फिर (फार्म जमा न करने के कारण) FNR हैं, उन्हें विश्वविद्यालय में समस्त दस्तावेजों, शुल्क आदि की आवश्यक पूर्ति कर परीक्षा परिणाम घोषित करायें, ताकि छात्र–छात्राओं को विश्वविद्यालय आकर परेशानियों का सामना न करना पड़े।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

25.6.15
परीक्षा नियंत्रक,

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति जी के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
3. उप/सहायक–कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
4. अनुभाग अधिकारी (परीक्षा विभाग), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. संबंधित कक्षा प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

सहायक–कुलसचिव (परीक्षा)